**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# उत्तराखंड के लिए सुकून भरी खबर कोरोना के 505 मामले एक्टिव

**कोरोना अपडेट**

## दो पर्वतीय जिले रुद्रप्रयाग व टिहरी कोरोना के सभी मरीज स्वस्थ

■ विधायक राजेश शुक्ला बुखार से पीड़ित, कोरोना जांच को लिए सैंपल

**संवाददाता**

देहरादून। कोरोना के लिहाज से उत्तराखंड के लिए सुकून भरी खबर है। प्रदेश के दो पर्वतीय जिले रुद्रप्रयाग व टिहरी कोरोना के सभी मरीज स्वस्थ हो गए। इनमें अब कोरोना का एक भी एक्टिव केस नहीं है। अगले 28 दिन तक यहां कोई नया केस नहीं आता है तो दोनों ही जिले कोरोना मुक्त की श्रेणी में शामिल हो जाएंगे। सुखद पहलू यह कि चमोली, चंपावत, पौड़ी गढ़वाल व पिथौरागढ़ में भी भर्ती मरीजों की संख्या दहाई के अंक से नीचे है।

दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बिजनौर के नजीबाबाद निवासी एक 75 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई है। वह कोरोना संक्रमित थे और विगत 24 जून से अस्पताल में भर्ती थे। दून अस्पताल के डिप्टी एमएस डॉ एनएस खत्री ने बताया कि बुजुर्ग को सांस,बीपी और फेफड़ों संबंधी बीमारी थी।

प्रदेश में अब तक कोरोना के कुल 3161 मामले आए हैं। जिनमें से 2586 यानि 81.81 फीसद स्वस्थ हो चुके हैं। वर्तमान में प्रदेश में 505 एक्टिव केस हैं। यहां गौर करने वाली बात यह है कि एक्टिव केस की तुलना में पांच गुणा मरीज अब तक ठीक हो गए हैं। कोरोना पॉजिटिव 28 मरीज राज्य से बाहर चले गए हैं, जबकि 42 की मौत हो चुकी है।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 1361 सैंपल की ताजा जांच रिपोर्ट मिली है। जिनमें 1324 की रिपोर्ट निगेटिव व 37 केस पॉजिटिव हैं। ऊधमसिंहनगर में सर्वाधिक 20 मामले आए हैं। जिनमें एक स्वास्थ्य कर्मी व तीन पूर्व संक्रमित व्यक्तियों के संपर्क में आए लोग हैं। इसके अलावा रामपुर से लौटे चार, मुरादाबाद व मुंबई से लौटे दो–दो और आंध्र प्रदेश के सिकंदराबाद, उप्र के सीतापुर, दिल्ली, गुरुग्राम, उप्र के नेहटौर से लौटे एक–एक व्यक्ति की रिपोर्ट पॉजिटिव है। हरिद्वार में पांच नए मामले आए हैं। जबकि तीन की ट्रेवल हिस्ट्री अभी पता नहीं लग पाई है। सोमवार को जितने नए मामले आए उसके डेढ़ गुणा यानि 62 लोग स्वस्थ होकर घर चले गए हैं। इनमें देहरादून से 15, नैनीताल से तेरह, हरिद्वार से सात, बागेश्वर से छह, रूद्रप्रयाग, पौड़ी व चमोली से पांच–पांच और पिथौरागढ़, चंपावत व टिहरी से दो–दो मरीज डिस्चार्ज हुए हैं।

**नैनीताल।** किच्छा विधायक राजेश शुक्ला के कोरोना जांच लिए नमूने लिए गए। विधायक शुक्ला को बुखार की शिकायत है। विधायक ने खुद ही स्वास्थ्य विभाग को फोनकर नमूने लेने को कहा। इस पर जिला अस्पताल के डॉक्टर गौरव अग्रवाल ने विधायक के घर पहुंचकर उनके नमूने जांच के लिए। फिलहाल विधायक घर पर आराम कर रहे हैं।

### सेना के जवानों का होगा रैपिड टेस्ट



सेना में कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ने के बाद अब जवानों की रैपिड जांच कराने का फैसला लिया गया है। सीएमओ कार्यालय की ओर से सेना अस्पताल को 100 रैपिड एंटीजन किट दी गई हैं। इसके अलावा गर्भवतियों की भी ये जांच की जाएगी। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बीसी रमोला ने बताया कि महानिदेशालय से दो हजार रैपिड एंटीजन किट मिल गई है। जिसमें रिजल्ट 15 से 30 मिनट में आ जाता है।
सेना को किट दी गई है। उनका कहना है कि जहां भी ज्यादा मामले सामने आएंगे, वहां पर ये किट दी जाएंगी। इसके अलावा इमरजेंसी या गर्भवती महिलाओं के ऑपरेशन के दौरान इन्हें प्रयोग किया जाएगा। ताकि उन्हें बिना वजह का इंतजार न करना पड़े।

## न्यूज डायरी

### अधिकारियों ने निकाला समस्या का हल

**संवाददाता** मुनस्यारी। लोक निर्माण विभाग डीडीहाट के अधिकारियो ने गंभीरता से मामले को लिया तो उसका हल भी निकल आया। बंगापानी तहसील के भीतर मोतीघाट से गोल्फा तक निर्माणाधीन मोटर मार्ग में दो साल से चल रहा विवाद का हल निकाल दिया गया है. इसकी जानकारी मिलते ही गोल्फा गांव के 400 परिवारो में खुशी व्याप्त है। बंगापानी तहसील के बने मोटर मार्ग में दो साल से विवाद चल रहा था। 12 किमी लंबे इस मोटर मार्ग के निर्माण के लिए पांच करोड़ रुपये स्वीकृत है, लेकिन पहले एक किमी पर विवाद पैदा हो गया था। एक किमी पर भगत सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह का टिन शैड बना हुआ था। वह टिन शैड को हटाने पर राजी नहीं हुए। इस बीच लोनिवि डीडीहाट के अधिशाषी अभियंता जगदीश प्रसाद व सहायक अभियंता सरफराज ने इस विवाद के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए हल खोजने की पहल की।

### ग्रामीण क्षेत्रों में 26 मोटर मार्ग भूस्खलन से बंद

**संवाददाता** गोपेश्वर। मौसम के बदले मिजाज से चमोली जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 26 संपर्क मार्ग व सड़कें जगह–जगह मलबा आने से बंद हो गई हैं। जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने लोनिवि व पीएमजीएसवाई के अधिकारियों से बंद सड़कों को खोलने को कहा है। लेकिन कार्यदायी संस्थाओं के पास सड़क खोलने के लिए संसाधन कम पड़ रहे हैं। अभी केवल मुख्य सड़कों पर ही मलबा हटाने का कार्य चल रहा है। बदरीनाथ यात्रा आरंभ होने के बाद हाईवे पर आवाजाही बढ़ी है। बदरीनाथ मार्ग सुचारू रहने से लोगों को राहत मिली है। सोमवार रातभर बारिश के बाद मंगलवार सुबह जिले में बारिश थमी।

### नैनीताल बैंक की 142वीं व 143वीं शाखा का उदघाटन

**संवाददाता** देहरादून। नैनीताल बैंक की 142वीं व 143वीं शाखा का उदघाटन एक भव्य समारोह में उदयलाल पुर, हल्द्वानी व पीरूमदारा,रामनगर शाखा के नव सुसज्जित परिसर में बैंक के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश पंत ने दीप प्रज्वलित एवं फीता काट कर किया। बैंक के मुख्य परिचालन अधिकारी ओम प्रकाश जगरवाल सहित प्रधान कार्यालय के अनेक वरिष्ठ कार्यपालक, क्षेत्रीय प्रबन्धक, हल्द्वानी एवं स्थानीय शाखाओं से पधारे हुये अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर पंत ने बताया कि बैंक की नवीन शाखाओं के उदघाटन के पश्चात बैंक शीघ्र ही 10 नई शाखाएँ अगले तीन माह में खोलने जा रहा है, जिसमे से 2 शाखाएँ अतिशीघ्र देहारादून में खोली जाएंगी।

## संगत को वितरित की आर्सेनिक अल्बा 30

**संवाददाता** देहरादून। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, आढ़त बाजार की संगत को कोविड 19 कोरोना संक्रमण के बचाव एवं शरीर की रोग प्रतिरोध क्षमता बढ़ाने हेतु होमियोपैथिक ओषधि आर्सेनिक एल्बम 30 वितरित की गई। दवाई की 100 शीशी डिप्टी डायरेक्टर डा. कमलजीत सिंह मठारू ने अनुरोध पर गुरुद्वारा कमेटी को सौंपी। इस अवसर पर आर्सेनिक एल्बा 30 गुरुद्वारे के सेवादारों, सदस्यों एवं संगत को वितरित की गई। डा कमलजीत सिंह मठारू, डिप्टी डायरेक्टर होमियोपैथिक मेडिकल सर्विसस, गोर्वमैट आफ उत्तराखंड ने जानकारी देते हुए कहा कि बड़े आदमी प्रातः स्नान आदि के पश्चात तीन दिन तक छह गोली चूसेगें। उसके पश्चात अगर खांसी, जुकाम होता है तो फिर तीन दिन ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि पहले चरण में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए फ्रंट लाईन में काम कर रहे सेवादारों के लिए उपलब्ध कराई गई है एवं क्वारंटाईन किए गए लोगों को एवं होम फेसिलिटी सैंटरों को उपलब्ध कराई गई है। जिले के अस्पतालों , सी एस सी , होमियोपैथिक डिस्पेसरीयों में निःशुल्क वितरित की जा रही है।



# एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने फूंका निशंक का पुतला

**संवाददाता**



देहरादून। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं ने डीएवी महाविद्यालय देहरादून के मुख्य गेट के पास मानव संसाधन एवं विकास केंद्रीय मंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक का पुतला दहन किया गया। जिस प्रकार से कल जारी निर्देशों में के अनुसार विश्वविद्यालयों को सितम्बर परीक्षा करवाने की अनुमति दी गई है का एनएसयूआई उसका कड़ा विरोध करती है और इसके लिए आंदोलन चलाया जायेगा।
इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मोहन भंडारी ने कहा कि केंद्रीय मंत्रालय के इस फैसले से छात्र छात्राओं का पूरा शैक्षणिक वर्ष बर्बाद हो जाएगा व बिना शैक्षणिक पाठ्यक्रम पूर्ण करवाएं परीक्षा लेना उचित नहीं है। आज देश भर में प्रतिदिन लगभग 25000 कोरोना वायरस कोविड 19 से संक्रमित मिल रहे हैं और ऐसी स्थिति में सितंबर आते–आते यह संख्या और अधिक बढ़ जाएगी और उस बीच परीक्षाएं संपन्न कराना छात्र छात्राओं के जीवन के साथ खिलवाड़ होगा। उन्होंने कहा कि छात्र छात्राओं के साथ साथ उनके परिवार जनों को भी संक्रमण के जोखिम में डाला जा रहा है। एनएसयूआई शुरू से ही छात्र छात्राओं को प्रमोद करने की मांग कर रही है व सरकार के इस फैसले का विरोध करती है।

## 22 जुलाई को परीक्षा कराये जाने का विरोध करेगी एनएसयूआई

**संवाददाता** डोईवाला। नगर एनएसयूआई के अध्यक्ष आरिफ अली ने मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से मांग की है कि उत्तराखंड आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय द्वारा 22 जुलाई 2020 को जो परीक्षा कराने की घोषणा की गई है जबकि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा 31 जुलाई 2020 तक सभी कॉलेज सभी स्कूल बंद रखे जाने की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में डबल इंजन की सरकार का आपस में कोई तालमेल नहीं है। उन्होंने कहा कि इसका विरोध किया जायेगा।

यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का आदेश आने के बाद आज आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय द्वारा 22 जुलाई 2020 को परीक्षा आयोजित करने की तिथि की घोषणा की गई है और उत्तराखंड सरकार प्रधानमंत्री का आदेश का उल्लंघन करते हुए कॉलेजों को लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रही है और छात्र–छात्राओं की जान जोखिम में डालकर परीक्षा कराने का प्रयास कर रही है।